हां आमा अकेली बैठकर सबको देख रही है। केवल अपना घर ही नहीं बाकी अपने आस पास के हाल चाल, कुशलक्षेम की आमा को चिंता है। अब आमा सामने पहाड़ की ओर टकटकी लगाकर देखती है। सामने के पहाड़ के बीचों बीच पिथौरागढ़ को जाने वाली रोड, रोड पर आते जाते वाहन। वाहनों की आवाज, मोड़ों पर बजते हॉरन आमा को अपनी ओर आकर्षित कर जाते। आमा अपना पूरा ध्यान उधर ही कर देती। आमा के सामने वाले पहाड़ पर बने घरों में भी हलचल हो रही है। कहीं कोई अपनी गाय बकरियां चराने चल पड़ा है, तो कोई खेतों में पानी लगा रहा है। आमा के घर से दूर तक दिखता है। आमा ने अपनी बहू को आवाज लगाई, "बहू पार की चंद्रा अपने मैके गई थी, वह आ गई है क्या ?तुम्हारी मुलाकात हुई उससे वह मेरी दवा लाने को कह रही थी ?" अंदर से आवाज आई, "हां मांजी आ गई है दोपहर में हमारे घर आने को कह रही थी।" सुनकर आमा फिर से अपने पूरे संसार को ध्यान से देखने के काम में लग गई। आमा अपने घर के दरवाजे पर बैठे बैठे अपने आस पास की सभी गतिविधियों का जायजा लेने लगती है। पहाड़ पर रहने का यह बहुत बड़ा फायदा है कि यहां से बहुत दूर तक का परिदृश्य आपकी आंखों के सामने होता है। आप अकेले बैठे हों तो आप चारों ओर को देखकर अपना मन बहला सकते हैं। आमा अपने सामने यह दृश्य तब से देख रही है, जब से आमा ब्याह के इस गांव में आई थी। पहले आमा को फुरसत नहीं होती थी। अब फुरसत ही फुरसत है। आमा को इसे बार बार देखने की आदत सी हो गई है। उसे अच्छा लगता है इसलिए आमा का देहली से उठने का मन ही नहीं करता। दूर सामने की चोटियों मे जाड़े के दिनों में बर्फ पड़ जाती है तो लगता है हिमशिखर आपसे मिलने के लिए अब और पास आ गए हैं। हिमशिखरों के पास आने से आमा को परेशानी का अनुभव है, जाड़ा बढ़ जाता है। नीचे बह रही छोटी नदी के बहने की आवाज भी आपके कानों तक पहुंच जाती है और ऊपर की हलचल भी।

आमा अपनी धुंधली होती नजर से सब चुपचाप देख रही है। आमा आज अपने अतीत में चली गई है। उन्हें याद है, जब वह बच्ची थी। वह भी अपनी बाखली के बच्चों के साथ खेलती थी। तब स्कूल नहीं थे, सब बगैर पढ़े लिखे ही अपना जीवन जी लेते थे। जीवन जीने का जरूरी ज्ञान अपने मां बापू से ही सीख लेते थे। जब थोड़ा बड़ी हुई तो अपनी मां के साथ घर गृहस्थी के काम सीखने लगी थी। उसे यह भी याद है जब वह केवल सात आठ साल की थी उसने पहली बार लकड़ी के चूल्हे पर अपने पिता जी के लिए रोटियां बनाई थी। बहुत खुश हुए थे उसके बापू अपनी भागा के हाथ की बनी रोटियां खाकर। उन्होंने उठकर हाथ चूम लिए थे उसके, भौत बढ़िया भौत बढ़िया कह रहे थे। शाम को बाजार से आते वक्त वे जलेबी लेकर आए थे उसके लिए। ईजा भी बहुत प्रसन्न हुई थी आमा की रोटियां देखकर। बस मां बापू की प्रसन्नता को देखकर वह घर गृहस्थी के कामों में रम गई। पंद्रह साल की उम्र में शादी हो हुई थी रमेश के बापू के संग, तब से लेकर आज तक पैंसठ वर्ष की उनकी गृहस्थ की जीवन यात्रा इसी गांव में पूरी हुई है। अब तो आमा गांव के हर एक की आवाज को दूर से ही सुनकर पहचान जाती है। गांव में कौन कैसा है इसे भी आमा बखूबी जानती है। उसे यह भी याद है उसके सामने ही बनी थी यह पिथौरागढ़ को जाने वाली सड़क। आमा को आज याद आया कि तब गांव से कई लोग उस सड़क पर काम करने जाते थे। उनमें रमेश के बापू भी थे। उन दिनों पैदल ही उस सड़क तक, तीन किलोमीटर की दूरी तय कर, फिर दिनभर काम कर, शाम को पैदल ही वापसी करते थे सब। सुबह सुबह दिन निकलते ही काम में जाने की तैयारी करनी पड़ती थी सबको। मुंह अंधेरे ही खाना बनना शुरू हो जाता। थोड़ा खाना खाकर थोड़ा बांधकर अपने साथ ले जाते थे सब। केवल खेतों में काम काज के दिनों को छोड़कर बाकि के दिन उनके गांव के अधिकांश लोगों के दिन उसी सड़क पर काम करते हुए बीतते थे। सुबह को घर से निकले लोग रात गहराने के बाद आते थे, जाने से पहले एक दूसरे को आवाज लगाते थे, जल्दी आओ देर हो रही है। रमेश के बापू कहते, "रोज देर हो जाती है, ठेकेदार का मुंशी रोज डांटता है। कहता है ऐसे ही रोज देर से आओगे तो मजदूरी काट दूंगा।" डर के मारे कहीं कल से काम को मना न कर दे, सब चुपचाप सुनते थे। किसी के मुंह से कोई आवाज नहीं निकलती थी। रमेश के पापा आमा को करते। आज आमा घर के सामने दिख रही सड़क के बारे में ही सोच रही है। रमेश के बापू बहुत मेहनती थे। सड़क पर एक मजबूत चट्टान को काटने का काम चल रहा था जिसकी जिम्मेदारी रमेश के बापू को दे दी गई थी। रमेश के बापू दिनभर के काम के किस्से रात को आमा को बताया करते। आमा को अच्छा लगता था कि रमेश के बापू की लोग इज्जत करते थे, क्योंकि वे मेहनत से काम किया करते थे। आमा को अतीत से वर्तमान में लाने को एक आवाज आई।

"आमा नमस्कार ! कैसी हो आमा ?"

"अरे तू गोपी है ?"

"हां आमा !"

"कब आया तू घर ?कहां है आजकल तेरी फौज ?कितने दिनों के लिए आया है छुट्टी पर ?"

"आमा कल शाम ही पहुंचा हूं। दूर आसाम में हूं आजकल। अब एक महीने तक आपके पास ही रहूंगा। आमा बस आपकी याद आती है मुझे। सच पूछो तो आपसे ही मिलने आता हूं मैं यहां।" उसने एक मिठाई का डिब्बा आमा के हाथ में थमाया। "लो आमा यह मिठाई है आपके लिए।"

"अच्छा, बेटा! बहुत खूब जीता रह। इस मिठाई की क्या जरूरत थी ?तेरी सूरत देखकर ही खुशी हो गई। रुपया पैसा रोक कर रखना। कहीं मिठाई में ही खर्च न कर देना। इतनी दूर जान हथेली पर रखकर अपनी ड्यूटी करता है इस बात को ध्यान में रखना समझे।" आमा ने गोपी को नसीहत दे दी।

"हां आमा।" गोपी ने कहा और आमा के पास ही बैठ गया। गोपी गांव के कौशल्या का इकलौता बेटा है। बाप नहीं है गोपी का। जब छोटा था तब से आमा की देख रेख में ही रहा है। इसकी मां को काम से ही फुरसत नहीं थी। अनाथ था गोपी। बाप उसका जब बचपन में ही चल बसा था तो उसकी मां कौशल्या ने, आमा को उसकी देख रेख की जिम्मेदारी दे दी थी। गोपी बहुत सीधा लड़का था। जैसा आमा कहती वैसा करता था। आमा की देख रेख में रहने के कारण ही ठीक से पढ़ाई कर फौज में भर्ती हो गया था गोपी। बहुत एहसान हैं आमा के गोपी और उसकी मां पर। जहां लोग अपने बच्चे को ही ठीक से नहीं देख पाते वहीं आमा अपने बच्चों के साथ औरों का भी ध्यान रखतीं थी। पूरे गांव में आमा के सभी पर बहुत एहसान हैं। इसलिए सभी दिल से आमा की इज्जत करते हैं।

आमा की याददास्त अभी तक जस की तस है। एक एक काम की जानकारी है आमा को। दोपहर को चंद्रा आमा को दवा देने आई जो वह अपने मैके से आमा के लिए लाई थी। आमा को दवा देकर बोली, "आमा यह लो दवा। रात सोते समय और सुबह को खाना खाने से पहले शहद मिलाकर चाटनी है यह दवा। इससे आपकी खांसी और सांस की तकलीफ पूरी तरह ठीक हो जाएगी। बस चार दिन में तुम्हारी खांसी पूरी तरह ठीक हो जानी हुई। फिकर मत करना" चंद्रा ने आमा को दवा पकड़ाते हुए कहा। आमा बोली, "मैंने पता नहीं कितनी दवा खाई पर फायदा किसी से नहीं होता। रमेश लाता रहता है दवा। क्या करूं ?अब ठीक नहीं होऊंगी। अब मरने का बखत आ गया है शायद" आमा ने कहा। "अरे दीदी ला मुझे दे दवा आमा भूल जाती हैं दवा को। समय से दवा लेती नहीं, फिर कहेगी मेरी खांसी ठीक नहीं हो रही है।" आमा की बहू ने कहा और आमा के हाथ से दवा लेकर अंदर चली गई। वह थोडी देर में चाय बनाकर लाई। चंद्रा व आमा को चाय देकर अपने और किसी काम पर लग गई।

चंद्रा ने आमा से कहा, आमा आपको मेरी ईजा बहुत याद कर रही थी। "तेरी ईजा याद कर रही थी तो तू उन्हें यहां को लाई होती तब तो कोई बात थी। कैसी है तेरी ईजा ?अभी चल फिर रही है या मेरी तरह एक ही जगह बैठ गई है ?" "आमा, मेरी ईजा भी बहुत ही कमजोर हो गई है। वह भी बस थोड़ा बहुत टहल लेती है। मैंने कहा था कि चलो कुछ दिन मेरे साथ रहना तो ईजा ने मना कर दिया। कह रहीं थी अब वहां आकर कहीं मर गई तो ?मैं चाहती हूं अपनी देहली पर ही दम निकले ?" कह कर चंद्रा रोने लगी। आमा ने उसके सिर पर हाथ फेरा कहा, "पगली मरना तो एक न एक दिन सबको ही है फिर इसमें परेशान होने की क्या बात है ?हमारी कोई अमर काया नहीं है, जो पैदा होता है वह मरता जरूर है।"

"चंद्रा तू तो अपनी मां से मिलकर आ गई परंतु मेरी माधवी मुझसे मिलने नहीं आई। अब तक पूरा साल हो गया है उसकी सूरत देखे। कितने जबाब भेजे पर उसे फुरसत नहीं है। क्या करूं मैं जा नहीं सकती। अब कैसे हो उससे मुलाकात ?" आमा ने कहा।

आमा अपनी लडकी माधवी को अभी बच्ची ही समझती है जबकि माधवी नाती पोते वाली है। अब वह पचपन साल की है। एक लडका अनिल और एक लडकी सविता है। दोनों की शादी को दस वर्ष हो गए हैं। दोनों ही बाल बच्चों वाले हैं। माधवी और उसकी बहू तो अभी गांव में ही रहते हैं जबकि अनिल दिल्ली में किसी अच्छी कंपनी में काम कर रहा है। अनिल के दो बच्चे हैं। दोनों सास बहू ने कुछ जानवर भी पाल रखें हैं। कितना काम होता है घर में दो बच्चों के साथ साथ जानवरों का भी ?अब माधवी आना चाहती है अपनी मां से मिलने परंतु समय नहीं निकाल पाती है।

चंद्रा आमा को दवा देकर चली गई और आमा अपने अतीत में लौट आई। उन्हें आज याद आयी गांव के गजराज की शादी की बात। गजराज की शादी होने वाली थी। उसके पिता गरीब आदमी थे और गजराज के ससुर ने उनसे अपनी बेटी के लिए चार तोले सोने के जेवर की मांग कर दी थी। उसने कह दिया था कि शादी के फेरे तभी होंगे जब उनकी लड़की अपने ससुराल से आए हुए चार तोले सोने के जेवर पहनेगी। गजराज के पिता की औकात एक तोले सोने के बराबर नहीं थी, कहां रह गया चार तोले सोना। यह मांग अचानक ही गजराज के ससुर ने तब रखी थी जब उसने सुना था कि गजराज के परिजन बहुत

गरीब हैं। वैसे तो गजराज का ससुराल भी उन जैसा ही गरीब ही था परन्तु अचानक आई इस मांग से गजराज के पिता परेशान हो गए। चार दिन बाद बारात जानी थी। सारी तैयारी पूरी हो चुकी थी। अब क्या हो ?यह सोचकर गजराज के पिता घबरा गए। उन्होंने कई लोगों से अपनी परेशानी बताई परंतु कोई भी मदद को आगे नहीं आया। जब आमा के कानों तक यह बात पहुंची तो आमा ने गजराज के बाप से कहा था, "परेशान न हों देवर जी। लो मेरा यह चार तोला सोना और जाकर अपने लड़के को ब्याह के ले आओ। काहे को परेसान हो रहे हो, जब बारात घर आ जाएगी, तुम मेरा जेवर मुझे दे देना। "फिर क्या था, गजराज के बापू ने आमा के पांव पकड़ लिए। बोले, "भाभी जी आपकी यह मदद मैं जिंदगी भर नहीं भूलूंगा।" बस गजराज की शादी हो गई। शादी के दूसरे दिन आमा का जेवर आमा के पास आ गया।

शादी के बाद जब गजराज पत्नी को लेकर अपनी ससुराल पहुँचा तो उसे डर लग रहा था कि कहीं उसका ससुर यह न कहे कि उसकी बेटी को शादी के वक्त चढ़ाया गया जेवर कहां है ?उसे इस बात की चिंता हो रही थी। शाम को खाना खाने के बाद उसके ससुर ने पूछ ही लिया, "अरे गजराज तुम शादी वाले दिन जेवर कहां से लाए थे ?" गजराज ने आमा का नाम लेकर सारी बात बता दी। गजराज का ससुर बहुत खुश होकर बोला, "मुझे पता था कि तुम गरीब हो परन्तु मैं तो यह देखना चाह रहा था कि गाँव समाज में तुम्हारी कितनी इज्जत है ?कोई तुम्हें एक दिन के लिए चार तोले सोने के जेवर देता है या नहीं ?गरीब होना कोई बात नहीं बल्कि हमारे समाज में अधिकतर आदमी गरीब ही हैं परन्तु समाज में इज्जत का होना जरूरी है। चार तोले सोने से कोई जिंदगी नहीं कटती। लेकिन चार तोला सोना आपकी इज्जत जता देता है।" तब गजराज को आमा की दरियादिली की बात समझ में आई थी।

आज आमा उदास थी। सुबह से दोपहर हो चुकी थी और आमा चुपचाप अपने आंगन में बैठी शाम होने का इंतजार करने लगी। अचानक आमा को माधवी की जैसी आवाज सुनाई देने लगी। आमा ने लाठी के सहारे थोड़ा खड़े होने की कोशिश की। लाठी हाथ में लेकर थोड़ा आगे बढ़ी वहाँ तक जहाँ से आमा के घर को आने वाली सड़क दिखाई देती है। अब आमा भरी आंखों से अपनी माधवी को देख रही थी। जैसे ही माधवी आमा के पास पहुंची आमा माधवी से लिपटकर रोने लगी। उन्होंने माधवी को सिर से पैरों तक पूरा देखा, फिर उसके सिर पर अपने थके हुए जर्जर हाथ फेरने लगीं। अपनी प्राणों से प्यारी पुत्री को अपने सामने देखकर आमा की आंखों से प्रेम के आंसुओं की बौछार होने लगी। माधवी आमा को सहारा देकर घर तक लाई और उनको एक जगह बैठाकर सामने खुद बैठ गई। आमा अपनी बूढ़ी आंखों से अपने कलेजे के टुकड़े को देखे जा रही थी।

माधवी के आने की बात अब पूरे गाँव में फैल चुकी थी। माधवी का भाई रमेश, रमेश की पत्नी, सामने की चंद्रा, गोपी, गोपी की मां कौशल्या, माधवी की बचपन की सहेली राधा, गजराज की पत्नी दया जिसने भी आमा की माधवी के आने की खबर सुनी वही दौड़ा दौड़ा आमा के घर पहुँच गया। माधवी सभी से मिली। एक दूसरे की कुशलक्षेम, घर गृहस्थी के बारे में पूछने के बाद आमा ने माधवी की लाई मिठाई सभी को खिलाई।

आज दिन भर की उदासी के बाद शाम को आमा के चेहरे पर चमक आ गई थी। अब तो माधवी से आमा की नजर हट ही नहीं रही थी। आमा ने पूछा "माधवी कितने दिनों के लिए आई है ?" माधवी बोली, "ईजा सुबह को ही जाना है। फुरसत किसे है ?कितने काम हैं घर के, बहू से कुछ होता नहीं। उससे अपने दो बच्चों के ही काम पूरे नहीं होते। अभी सब मुझे ही देखना पड़ता है, अनिल व उसके पापा ने घर के दुमंजिले का काम शुरू करवा रखा है। वे तो दोनों की बाहर ही हुए। घर में मुझे ही सब देखना पड़ता है।" "अच्छा सुबह को ही जाना है।" आमा ने फिर मायूसी से कहा। सुनकर माधवी बोली, "हां ईजा, आपके दर्शन हो गए। क्या करूं सब देखना पड़ता है। चाहती तो मैं भी यही थी कि जब आई हूं तो कुछ दिन आपके पास रहूं, परंतु घर में बहू अकेली है। सब देखना पड़ता है।"

रात होने को थी, आमा ने बहू से माधवी के पसन्द का खाना बनाने को कहा और अपने कलेजे के टुकड़े माधवी को निहारने लगी। उसने देखा माधवी के सिर के बाल सफेद हो रहे हैं। आमा बोली, "हाय माधवी तेरे तो सिर के बाल भी सफेद होने लगे ?क्या हो गया तुझे अपना ध्यान क्यों नहीं रखती ?" "हाँ ईजा अब मै पचपन साल की हूँ। बाल ही कब तक रहते काले। नाती पोते वाली हूँ। बस आपके आशीर्वाद से सब ठीक ही हो रहा है। अनिल का लडका पांचवी में आ गया है, बसंती की लड़की को तेरह साल पूरे होने को हैं। अब मैं भी तुम्हारी तरह ही दादी आमा हूं। ईजा अपने पोते की शादी क्यों नहीं कर रही हो ?" कहकर माधवी ने पूछा।

"अरी बेटी मैं तो कब से कह रही हूं पर ये रमेश सुनता ही नहीं मेरी। अब तू आई है तो उसे कह जाना, तेरी बात को टालेगा नहीं। मैं भी चाहती हूँ चिंटू का ब्याह देखकर मरूँ" आमा व्यथित हो गई।

आमा की मनचाही मुराद माधवी के आने से पूरी हो गई थी। इसलिए आमा जब से माधवी आई तब से उसे निहारती हुई बातचीत करती रहीं। आमा ने उसके घरबार की बारीकी से जानकारी ली। उसके बच्चों के बारे में जाना। बहू कैसी है तेरा ध्यान रखती है या नहीं पूछने पर माधवी ने कहा भी, "ईजा आपकी शिक्षा का असर है मुझमें। आप भला तो जग भला। बहू बेटा ही क्या पूरा गांव मेरी बात मानता है। फिर मेरी बहू तो मेरी बेटी ही है वह मुझमें अपनी मां को देखती है।" रात भर आमा माधवी से बातें करती रही। सुबह को बहू ने उठकर माधवी के लिए खाना बनाया। आमा ने अपने सामने बिठाकर माधवी को खाना खिलाया। बचपन में माधवी को आमा की बनाई खीर पसन्द थी यह बात बहू को पता थी। इसलिए बहू ने आमा के कहे बगैर ही आज खीर बनाई थी। खाना खिलाने के बाद अपने बक्से का ताला खोलकर उसमें से एक पांच सौ का नोट निकालकर आमा ने माधवी को जैसे ही देना चाहा, बाहर से आमा को आवाज लगी। बाहर सुरेश खड़ा था। उसने आमा से कहा, "आमा मुझे एक हजार रुपए की जरूरत है। मेरा बच्चा बीमार है उसे डाक्टर को दिखाना है। मेरे पास एक रुपया भी नहीं है। मैं गाँव में भी कई लोगों के पास गया पर किसी के पास रूपये मिले नहीं। बच्चा बुखार के मारे रात भर सोया नहीं है।" आमा ने उसे भीतर बुलाया बोली, "बेटा मेरे पास तो केवल पाँच सौ ही हैं वो भी मैं माधवी को दे रही हूं। वह अपनी ससुराल को जाने वाली है। आज तू कहीं किसी और से इंतजाम कर ले।" "नहीं ईजा। कितनी उम्मीद से यह आपके पास आया होगा। बेचारे का बच्चा बीमार है। ले पांच सौ ईजा के पास हैं और पांच सौ मैं दे रही हूँ तू जा अपने लडके को दिखा ला।" माधवी ने सुरेश को रुपये देते हुए कहा। आमा उसे टकटकी लगाकर देखती रही। आमा ने माधवी को गले लगाकर गदगद होकर कहा, "शाबाश बेटी ऐसे ही सबकी मदद को आगे ही रहना।" आमा को माधवी को देखकर ऐसा लगा जैसे माधवी किसी बड़ी परीक्षा में पास हुई हो। आमा की शिक्षा ही ऐसी ही है बस जितना हो सके अपने से किसी का भी भला करते रहो।

अब माधवी अपने घर को रवाना हो रही है। आमा वहीं रेंगकर दरवाजे तक पहुँच चुकी है। वह अपनी बेजान हो रही काया को ढोती हुई अपनी बूढी आँखों में आँसू लिए माधवी से अपना व अपने बच्चों का खयाल रखने को कह रही है। माधवी ने अपनी ईजा का हाथ पकड़कर उसे एक लाठी पकड़वाई और घर के बाहर वहाँ पर खड़ी कर गई जहाँ से आमा माधवी को दूर तक जाते देखती रहेगी। माधवी ज्यों ज्यों आगे बढ़ती पीछे को अपनी मां को देखती जाती। दोनों माँ व बेटी के आंखों से आँसू रुक नहीं रहे हैं। आमा के आंखों से माधवी ओझल हो गई।

आज आमा की माधवी से मिलने की आस पूरी हो गई जिसके बारे में आमा दिनरात सोचती रहती थी। अब माधवी अपने घर को रवाना हो रही है। आमा वही रेंगकर दरवाजे तक पहुंच चुकी है। वह अपनी बेजान हो रही काया को ढोती हुई अपनी बूढी आंखों में आंसू लिए माधवी से अपना व अपने बच्चों का खयाल रखने को कह रही है। माधवी ने अपनी ईजा का हाथ पकडकर उसे एक लाठी पकड़वाई और घर के बाहर वहां पर खड़ी कर गई जहां से आमा माधवी को दूर तक जाते देखती रहेगी। माधवी ज्यों ज्यों आगे बढ़ती पीछे को अपनी मां को देखती जाती। दोनों मां व बेटी के आंखों से आंसू रुक नहीं रहे हैं। आमा के आंखों से माधवी ओझल हो गई। आज आमा की माधवी से मिलने की आस पूरी हो गई जिसके बारे में आमा दिन-रात सोचती रहती थी।

सम्प्रति: *श्री दुर्गादत्त जोशी, उत्तराखण्ड की आंचलिक कहानियों की लेखक हैं। श्री दुर्गा दत्त जोशी निदेशक परियोजनाएं कार्यालय में तैनात श्री दिनेश भारद्वाज, सहायक अभियन्ता के पिता जी हैं।*

कोई क्या जाने

फिजाओं में खुशबुओं की मिठास, कहाँ से आयी कोई क्या जाने
पसीने से सींचा है किसने दिन-रात, कौन है बागबां कोई क्या जाने।
ऊँची इमारत चमकदार कंगूरे, चौंधिया रही हैं आँखें
ढो रही कंधो पर बोझ कितना, दफन जमीं में ईंट कोई क्या जाने।

हंस कर जी रहा है कोई तो, मतलब इसका ये बिल्कुल नहीं
दिल भरा नहीं है घावों से, नश्तर चुभे कितने कोई क्या जाने।

आज रोशनी में नहाया हुआ है, तो हैरान है दुनिया वाले
रातें अंधेरी कितनी थीं, जो वो गुजार के आया कोई क्या जाने।

फिरते भेड़िये शहर की गलियों में नोंचने को तैयार
भेजता है कैसे घर से बाहर, बेटी को बाप कोई क्या जाने।

(देवेन्द्र कुमार गर्ग)
महाप्रबन्धक (वि. एवं यां.),
किशाऊ परियोजना, डाकपत्थर।

गढ़वालियों का महत्वपूर्ण त्यौहार है जब बात त्यौहारों की हो तो माँ-बाप और भाई बहिनों के साथ बिताये एक त्यौहार की याद आना लाजमी है। क्योंकि तब त्यौहार का मतलब खुशी, अपनेपन और एक दूसरे के लिए सबके प्रेम से था। दीपावली सबसे महत्वपूर्ण त्यौहारों में से एक है जिसे गढ़वाल में बड़ी बग्वाल कहा जाता है। पर्वतीय क्षेत्रों में दीपावली के ठीक ग्यारहवें दिन के बाद एक और दीपावली मनाई जाती है। इसी को **"ईगास बग्वाल"** कहाँ जाता है।

यह ऐसा समय होता है जब पहाड़ धन-धान्य से परिपूर्ण होता है। बाड़े-सग्वाड़ों में तरह-तरह की सब्जियां होती है। इस दिन को घर के सभी कोठरों को नए अनाजों से भरने का शुभ दिन भी माना जाता है। इस अवसर पर नई ठेकी और पर्या (मक्खन बनाने वाला बर्तन) के शुभारम्भ की प्रथा भी है। ईगास बग्वाल के दिन रक्षा-बन्धन के धागों को हाथ से तोड़कर गाय की पूंछ पर बांधने का चलन था। बैलों के सींगो पर तेल लगाकर, गले में माला पहनाते व उनकी पूजा करते है।

एक किंवदन्ती के अनुसार ब्रहमा ने जब संसार की रचना की तो मनुष्य ने पूछा की मैं धरती पर कैसे जीवन यापन करुँगा ? तब ब्रह्मा ने शेर को बुलाया व हल जोतने को कहा किन्तु शेर ने मना कर दिया। इसी प्रकार कई जानवरों को पूछा तो सबने मना कर दिया। अंत में बैल तैयार हुआ तब ब्रहमा ने बैल को वरदान दिया कि धरती पर सभी प्राणी तुम्हें पूजेंगे, तुम्हें दावत देंगे, तुम्हारी मालिश करेंगे।

दीपावली के दिन जैसा ही इस दिन भी पूरी पकोड़े बनाये जाते थे। घर के पालतू जानवरों के लिए विशेषकर गोवंश के लिए झंगोरे को पकाकर उसमे नमक डालकर उसके गोले बनाकर **पिण्डा** बनाया जाता था। पिण्डे के ऊपर फूल रखकर गोवंश की पूजा करके पिण्डा खिलाया जाता था। पिण्डे के साथ एक पत्ते में हलवा, पूरी, पकोड़े भी गोशाला ले जाते है। इसे **ग्वाल ढिंडी** कहा जाता है। जब गाय-बैल पिण्डा खा लेते हैं तब उनको चराने वाले बच्चो को पुरस्कार स्वरूप उस ग्वाल ढिंडी को दिया जाता है।

लोकमान्यताओं के अनुसार गढ़वाल में भगवान राम के अयोध्या लौटने की खबर 11 दिन बाद मिली थी, इसलिए यहाँ ग्यारह दिन बाद दीवाली मनाई जाती है। एक और मान्यतानुसार दिवाली के समय गढ़वाल के वीर माधो सिंह भंडारी के नेतृत्व में गढ़वाल की सेना ने दापाघाट, तिब्बत का युद्ध जीतकर विजय प्राप्त की थी और दिवाली के ठीक ग्यारहवें दिन गढवाल सेना अपने घर पहुंची थी। युद्ध जीतने और सैनिकों के घर पहुंचने की खुशी में उस समय दिवाली मनाई गयी थी तभी ये यह परम्परा चल पड़ी। रात का इंतजार होता था भैलो खेलने के लिए। इस दिन भैलो खेलने का विशेष महत्व था। भैलो का पारंपरिक गीत कुछ इस प्रकार है-

भैलो रे भैलो, खेला रे भैलो
बग्वाल की राति खेला भैलो
बग्वाल की राति लछमी को बास
जगमग भैलो की हर जगा सुवास
स्वाला पकोडों की हुई च रस्याल
सबकु ऐनइ नी रंगमती बग्वाल
नच रे नाचा खेला रे भैलो
अगनी की पूजा, मन करा उजालो
भैलो रे भैलो।

इसको बनाने के लिए सबसे पहले भ्यूंल (भीमल की छाल) या जंगली बेलें ली जाती है जो रस्सी का काम करती, उसके एक छोर पर चीड़ की लीसायुक्त लकड़ी और साथी ही भीमल के क्याड़े (बारीक सूखी लकड़ी) बांधकर उसे जलाया जाता है जिसे भैलो कहते हैं। परम्परानुसार बग्वाल के कई दिन पहले गांव के लोग लकड़ी लेने ढोल-बाजों के साथ जंगल जाते हैं और सभी चीजों को गांव के पंचायती चौक में एकत्र करते हैं।

हमने बचपन में देखा था कि किस तरह जनसमूह सार्वजनिक स्थान या पास के समतल खेतों में एकत्रित होकर ढोल-दमाऊं के साथ नाचते और भैलो खेलते है। सभी लोग बारी बारी से भैलो को घुमाते थे और साथ के लोग उसके ऊपर से उछलते थे। फिर सभी अपना अपना भैलो लेकर खुले खेतों में घुमाते हुए खेला करते थे। इस तरह अनेक मुद्राएं बनाई जाती है, नृत्य किया जाता है और तरह-तरह के करतब दिखाए जाते हैं। भैलो खेलते हुए कुछ गीत गाने, व्यंग्य-मजाक करने की परम्परा भी है। यह सिर्फ हास्य विनोद के लिए किया जाता है। जैसे अगल-बगल या पास के गांव वालो को रावण की सेना और खुद को राम की सेना मानते हुए चुटकियां ली जाती हैं। कई मनोरंजक तुकबंदियां की जाती हैं। जैसे-फलां गौं वाला रावण की सेना, हम छना राम की सेना। निकटवर्ती गांवो के लोगों को गीतों के माध्यम से छेड़ा जाता है। नए-नए त्वरित गीत तैयार होते है। जब हम दूर-दराज दूसरे गांव में देखते तो अंधेरे में जुगनुओं की बारात जैसी लगती। किन्तु अब यह दृश्य दुर्लभ होता जा रहा है। धीरे-धीरे यह सांस्कृतिक परम्परा लुप्त होती जा रही है। इस परम्परा को बचाने की जिम्मेदारी नई पीढ़ी की है जो इस दौर में इसे भूलते जा रही है। ऐसे में अपनी संस्कृति और परम्पराओं को संजोए रखने के लिए हमें कोई अहम कदम उठाने की जरूरत है ताकि पर्वतीय क्षेत्र की अपनी अलग पहचान कायम रह सके। चलिए इस बार से अपने गांव चलें भैलो खेलने और उन जुगनुओं की बारात संग शामिल होकर बिखरता गढ़वाल फिर समेट लें, फिर एक बार आबाद कर अपने गांव को मिलकर उसकी अपनी पहचान दिलाएं, चलिए त्यौहार तो कम से कम अपने-अपनों के बीच मनायें।

पूजा बिष्ट
कम्प्यूटर ऑपरेटर, जनसम्पर्क कार्यालय



म्यारू उत्तराखण्ड

म्यारू उत्तराखण्ड की बात ही कुछ अनोखी चा।
प्रकृति की खुछली मां एक सहजती पहेली चा॥
यु उत्तराखण्ड म्यारू स्वर्गा को धाम चा।
धीमी धीमी मन्द हवा मयलु सी घाम चा॥
म्यारू उत्तराखण्ड की बात.....

शुद्ध हवा शुद्ध पानी शुद्धता कु मेल चा।
हैरी भैरी डांडी कांठी और गदनु को खेल चा॥
प्यार चा मिलाप चा मज़ाक क कि होड़ चा।
देवतों की ये भूमि मा मनखियू कु वास चा॥
म्यारू उत्तराखण्ड की बात.....

वीर यक जवान छन वीर यक किसान छन
वीरों की भूमि यख गबर सिंह जन वीर महान छन॥
म्यारा उत्तराखण्ड का जवान चा
वीरता भरी ये भूमि मा युकि गाथा भी महान चा॥
म्यारू उत्तराखण्ड की बात.....

एकता, विश्वास और सभ्यता म्यारू उत्तराखण्ड कु मान चा
म्यारू प्यारू उत्तराखण्ड एक फूल सी समान चा
तीलू रौतेली, रामी बौराण जन मातृशक्ति अभी भी महान छन
म्यारा उत्तराखण्ड मा बाँद किशाण छन
म्यारू उत्तराखण्ड की बात.....

(नरेन्द्र सिंह बिष्ट)
टीजी-II, विद्युत गृह चीला

अदरक

अदरक भारतीय रसोई का एक आवश्यक अंग है। खासकर सर्दियों में तो लगभग हर सब्जी या दाल में इसका उपयोग होता ही होता है। इसके औषधीय गुणों को देखते हुए प्राचीनकाल से ही इसका महत्व भारतीय रसोई में बना हुआ है। आयुर्वेद में भी इसके महत्व का वर्णन हमें मिलता है। एक भूमिगत रूपान्तरित तना है जो मिट्टी के अन्दर क्षैतिज बढ़ता है। इसमें काफी मात्रा में भोज्य पदार्थ संचित रहता है जिसके कारण यह फूलकर मोटा हो जाता है। वैज्ञानिक भाषा में बात करें तो अदरक जिंजीबरेसी कुल का पौधा है। यह अधिकतर उष्ण अथवा शीतोष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में पाया जाता है। अदरक मूल रूप से दक्षिण एशिया का पौधा माना जाता है। भारत में यह उत्तरप्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, बिहार, बंगाल, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु आदि राज्यों में अधिक उपजाया जाता है। अदरक का कोई बीज नहीं होता, इसके कंद के ही छोटे-छोटे टुकड़े जमीन में गाड़ दिए जाते हैं जो कि अलग अलग पौधे के रूप में उगते हैं।

अदरक का उपयोग

अदरक का इस्तेमाल अधिकतर भोजन को बनाने के दौरान किया जाता है। भोजन पकाते समय इसे टुकड़ों में या फिर पीसकर या कद्दूकस करके डाला जाता है। इसके अतिरिक्त इसे मसाले, पाउडर, जूस, अचार, सोंठ आदि विभिन्न रूपों में भी प्रयोग किया जाता है। अदरक में हमें स्वस्थ रखने की जबरदस्त शक्ति होती है। इसीलिए प्राचीन काल से ही यह भारतियों के भोजन और आयुर्वेद का हिस्सा रहा है। भारत में लगभग पांच हज़ार वर्ष पूर्व भी अदरक में पाए जाने वाले गुणों के विषय में जानकारी होने के प्रमाण मिलते हैं। सर्दियों में खांसी-जुकाम की परेशानी में तो यह रामबाण औषधि है। साथ ही यह अरुचि और हृदय रोगों में भी फायदेमंद होता है।इसके अलावा भी कई और बीमारियों में भी अदरक फायदेमंद माना जाता है। अदरक में बहुत सारे विटामिन्स के साथ-साथ मैंगनीज़ और कॉपर भी पाए जाते हैं जो हमारे शरीर को सुचारु रूप से चलाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अगर हम कहें कि अदरक कई सारे गुणों की खान है तो अतिशियोक्ति न होगी।

अदरक का प्रयोग बेहद आसान और फायदों से भरपूर है। इसके अचूक गुण हमें स्वस्थ रखने के साथ साथ हमें कई बिमारियों से भी बचाते हैं। अदरक के विभिन्न उपयोग इस प्रकार है :-

1. अदरक को सर्दी से बचाने में सबसे अधिक कारगर माना जाता है। यह सर्दी पैदा करने वाले बैक्टीरिया को खत्म करने के साथ-साथ सर्दी फिर से आपको परेशान न कर पाए, यह भी पक्का करता है।
2. अदरक में सूजन को कम करने की शक्ति अत्यधिक मात्रा में होती है और यह उन लोगों के लिए वरदान की तरह है जो जोड़ों के दर्द और सूजन से परेशान हैं। एक अध्ययन के मुताबिक जो लोग नियमित तौर पर अदरक के रस का उपयोग करते हैं उन्हें जोड़ों में सूजन और दर्द पैदा करने वाली बीमारियां परेशान नहीं करतीं।
3. अदरक में गठिया रोग को भी ठीक करने की क्षमता होती है। इसके सूजन को खत्म करने वाले गुण गठिया और थायराईड से ग्रस्त मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं।
4. सभी प्रकार के दर्द से राहत देने की इसकी क्षमता इसे बहुत ही खास बनाती है। चाहे आपके दांत में दर्द हो या सिर में अदरक के रस का प्रयोग बहुत असरकारक होता है। यह माइग्रेन से बचने में भी आपकी भरपूर मदद करता है।
5. अदरक के रस में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो शरीर में ताजे रक्त के प्रवाह को बढ़ाने के साथ साथ रक्त को साफ करने में मददगार होते हैं।
6. पाचन संबंधी समस्या में भी अदरक बहुत फायदेमंद होता है। इसका रस पेट में पड़े हुए खाने को निकास द्वार की तरफ धकेलता है। अदरक का यह चमत्कारी गुण न केवल पाचन और गैस बल्कि सभी तरह के पेट दर्द से भी निजात दिलाता है।
7. अदरक में खून को पतला करने का नायाब गुण होता है और इसी वजह से यह ब्लड प्रेशर जैसी बीमारी में तुरंत लाभ के लिए जाना जाता है।
8. अदरक के रस के नियमित इस्तेमाल से कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद मिलती है। यह रक्त के थक्कों को जमने नहीं देता और खून के प्रवाह को बढ़ाता है और इस प्रकार हृदयाघात की आशंका से आपको बचाए रखता है।
9. घने, चमकदार और रूसी रहित बालों के लिए अदरक के रस का नियमित उपयोग अत्यधिक लाभदायक होता है।
10. अदरक में कैंसर जैसी भयानक बीमारी से शरीर को बचाए रखने का गुण होता है।
11. त्वचा से जुड़ी हुई कई बिमारियों में भी अदरक के नियमित प्रयोग से फायदा होता है।

विमल डबराल

जन सम्पर्क अधिकारी

नई तकनीक से बांध की सफाई, बढ़ेगा उत्पादन

नीदरलैंड व पोलैंड के वैज्ञानिक कर रहे डाकपत्थर बैराज में जमा सिल्ट की सफाई

जागरण संवाददाता, विकासनगर : जौनसार-बावर के डाकपत्थर बैराज में बांध की नई तकनीक से साफ-सफाई करने की विधि बताने को विदेश से वैज्ञानिक उत्तराखंड पहुंचे हैं। नीदरलैंड व पोलैंड से आए वैज्ञानिकों ने बिना पावर हाउस को बंद किए आधुनिक मशीन व क्रेन के जरिए डैम में जमा सिल्ट को साफ करने की तकनीक बताई।

नया प्रयोग

- नीदरलैंड की एक कंपनी दे रही है फ्री डेमो
- उत्तराखंड में इंजीनियरों को बांध की सफाई की बता रहे तकनीक

विदेश से आए वैज्ञानिक 15 से 20 दिन तक डाकपत्थर बैराज में सिल्ट साफ करने की नई तकनीक का फ्री डेमो दे रहे हैं। इसके तहत यूजेवीएनएल के इंजीनियरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। **एमएस अधिकारी,** अधिशासी अभियंता सिविल, जल विद्युत निगम

की साफ-सफाई के लिए विदेश से आए वैज्ञानिक नया प्रयोग कर रहे हैं। नीदरलैंड ...

उत्तराखंड में डैम की सफाई के लिए पावर हाउस को बंद किया जाता है और बैराज में जमा पानी को गेट खोलने से खाली ... डैम में जमा सिल्ट

पर विदेश से आए वैज्ञानिकों ने डाकपत्थर बैराज में क्लोजर के बिना आधुनिक मशीनों व क्रेन के जरिए नई तकनीक से डैम में जमा सिल्ट को साफ करने की सरल विधि बताई। विदेश के वैज्ञानिकों ने डैम में जमा सिल्ट की सफाई के लिए मशीन के जरिए बैराज में पाइपों का जाल बिछाया है। जिससे पानी को खाली करने के बजाए पावर हाउस के चलने पर डैम में जमा सिल्ट की सफाई की जा सके। बताया जा रहा है कि विदेशी वैज्ञानिकों की इस नई तकनीक से उत्तराखंड में बने डैमों ... आसानी से की जा सकेगी।

यूजेवीएन में मनी विश्वकर्मा जयंती

यूजेवीएन लि. के मुख्यालय उज्जवल में हर वर्ष की भांति इस वर्ष ...ओं के शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनायी गई। ...र पर परंपरानुसार भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया गया। साथ ही यंत्रों एवं औजारों को भी पूजा गया। प्रबन्ध निदेशक एसएन वर्मा ने ... देते हुए बताया कि भगवान विश्वकर्मा को ब्रह्माजी ... माना है साथ ही उन्हें ब्रह्मांड का ... ताओं एवं शिल्पि...

यूजेवीएन ने चलाया स्वच्छता अभियान

- निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने श्रमदान कर यमुना कालोनी परिसर में की सफाई

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। यूजेवीएन लिमिटेड ने शुक्रवार को निगम के प्रबन्ध निदेशक एसएन वर्मा के नेतृत्व में एक ...वसीय स्वच्छता अभियान यमुना कॉलोनी देहरादून में चलाया। निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ...ना कॉलोनी परिसर में स्वच्छता को ... श्रमदान कर कालोनी में सफाई कार्य किया।

इस स्वच्छता अभियान में निगम ...धिकारियों व कर्मचारियों ने ...नी के विभिन्न आवासीय ..., मैदान, सड़कों व नाले आदि ... को साफ कर कालोनी को स्वच्छ किया। इस स्वच्छता अभियान यूजेवीएन लेडीज क्लब वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से चलाया गया। इस अवसर पर प्रबन्ध निदेशक एसएन वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता आज हमारे जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर चुकी है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री ...

नवनिर्माण एवं विकास करना है ... ने पॉलिथीन के प्रयोग ... कम करने एवं सि... का प्रयोग तो बिल्... का आह्वान किया। यमुना कॉलोनी के वि... लिए स्वच्छता मिशन ... रूप से जुड़ने वाले निग...

का प्रण लिया गया। इस अवसर पर निगम के निदेशक परिचालन पुरुषोत्तम सिंह, निदेशक मानव संसाधन पंकज कुमार, अधिशासी निदेशक सुरेंद्र कुमार, महाप्रबन्धक विवेक आत्रेय, हरप्रसाद, राजेन्द्र सिंह, सीपी दिनकर, उप महाप्र... आशीष जैन, जन ... विमल ...

बेहतर काम पर दी प्रोत्साहन राशि

देहरादून | मुख्य संवाददाता

...ड जल विद्युत निगम ने सरकार ...0.82 करोड़ रुपये सालाना ... के रूप में जमा कराए। सचिव ...राधिका झा ने कहा कि इस बार ...वीएनएल ने रिकॉर्ड बिजली ...ादन किया है। ऐसे में इस रिकॉर्ड ...ादन में अहम भूमिका निभाने वाले ...र्मचारियों को ही दीवाली बोनस की ...तगह प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था की गई है। जो आगे भी जारी रहेगी।

निगम मुख्यालय में यूजेवीएनएल का स्थापना दिवस सुबह से ही मनाना शुरू कर दिया गया। सुबह प्रदर्शनी ... के साथ ही मेले का भी आयोजन ...

... उत्तराखंड जल विद्युत निगम मुख्यालय में सोमवार को कार्यक्रम हुआ। • हिन्दु...

उत्तराखंड जल विद्युत निगम ... बिजली उत्पादन का काम जल्द पूरा कर बिजली उत्पादन के क्षेत्र में राज्य को आत्मनिर्भर बनाया जाए। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री आवास में सीएम त्रिवेंद्र रावत को 10.82 करोड़ के लाभांश का चेक भी ... इस अवसर पर सचिव ... ...

कार्यक्रमों से बांधा स...

स्थापना दिवस के मौके पर ... यूजेवीएनएल मुख्यालय में ... सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तु... शाम हास्य कवि सुरेंद्र श... फौजदार, विराग सैन, श... गोयल की रचनाओं ने ... शर्मा, प्रताप फौ...

यूजेवीएनएल कर्मचारियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

...ाई सिटी रिपोर्टर

देहरादून। यूजेवीएनएल प्रबंध निदेशक एसएन वर्मा की अगुवाई निगम के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने शुक्रवार को यमुना कॉलोनी में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कॉलोनी परिसर, मैदान, सड़कों एवं नाले आदि के आसपास फैली गंदगी साफ कर 'स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत' का संदेश दिया।

इस मौके पर प्रबंध निदेशक वर्मा ने कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत अभियान को सार्थक बनाना ही लक्ष्य है। प्रबंध निदेशक ने पॉलिथीन के प्रयोग को भी कम से कम करने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने का आह्वान किया। स्वच्छता अभियान में निदेशक परिचालन पुरुषोत्तम सिंह, निदेशक मानव संसाधन पंकज कुमार, अधिशासी निदेशक सुरेंद्र कुमार, महाप्रबंधक विवेक आत्रेय, हरप्रसाद, राजेंद्र सिंह, सीपी दिनकर, उप महाप्रबंधक आशीष जैन के अलावा यूजेवीएनएल लेडीज वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से डॉ. अमृता वर्मा, ज्योति शर्मा, निरूपमा मिश्रा, किरण चौधरी, हेमा ...

गांधी जयंती के उपलक्ष्य में कौलागढ़ से जनचेतना यात्रा निकालतीं टिहरी की सांसद राज्य लक्ष्मी शाह और अन्य कार्यकर्ता। अमर उजाला

कौलागढ़ में पॉलिथीन के खिलाफ निकाली जनचेतना यात्रा

देहरादून। क्षेत्र को पॉलिथीन मुक्त बनाने के अभियान के तहत शुक्रवार को वार्ड 31 कौलागढ़ में जनचेतना यात्रा निकाली गई। इस दौरान सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह ने सभी लोगों से पॉलिथीन छोड़ने का आह्वान किया। कैंट विधायक हरबंश कपूर ने स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए पॉलिथीन छोड़ने का आह्वान किया। अभियान में भाजपा महामंत्री संगठन अजय कुमार, मंडल अध्यक्ष उदयसिंह, कुलदीप विनायक, अमित ...

तिलोथ विद्युत गृह से हुआ रिकार्ड उत्पाद...

देहरादून। यूजेवीएन लि. की 90 मेगावाट की मनेरी भाली प्रथम जल विद्युत परियोजना के तिलोथ विद्युत गृह से वि... वर्ष 2019-20 हेतु निर्धारित वार्षिक लक्ष्य को समय से पूर्व ही प्राप्त कर लिया है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा वित्तीय वर्ष हेतु दिए गए 300 मिलियन यूनिट के वार्षिक लक्ष्य को तिलोथ विद्युत गृह द्वारा विगत सात दिसम्बर ... 300.1214 मिलियन यूनिट उत्पादन कर प्राप्त कर लिया गया है। समय से पहले उत्पादन लक्ष्य पूर्ण होने पर ति... विद्युत गृह के साथ ही निगम के समस्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों में प्रसन्नता का माहौल है।

उल्लेखनीय है कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर तिलोथ विद्युत गृह की उपलब्धियों एवं कार्यकुशलता ... देखते हुए वर्ष 2018 का बेस्ट परफॉर्मिंग प्रोजेक्ट अवार्ड भी सचिव ऊर्जा एवं अध्यक्ष, यूजेवीएन लि. द्वारा दिया जा ... है। वर्तमान में इस परियोजना की दो मशीनें उत्पादनरत हैं तथा एक मशीन का नवीनीकरण एवं जीर्णोद्धार किया जा ... है। सीमांत जनपद उत्तरकाशी में भगीरथी नदी पर स्थित मनेरी भाली प्रथम चरण परियोजना का तिलोथ विद्युत गृह 1984 में परिचालन शुरू हुआ था। इससे पूर्व भी तिलोथ विद्युतगृह द्वारा वित्तीय वर्ष 2017-18 एवं 2018-1... केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा निर्धारित क्रमशः 376 एवं 390 मिलियन यूनिट उत्पादन लक्ष्य भी इस परियोजना ... 2018 एवं 2019 के फरवरी माह में ही प्राप्त कर लिया गया था। निगम प्रबंधन ने रिकॉर्ड उत्पादन की इस उपलब्धि ... श्रेय कार्मिकों को देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार से लगन एवं समर्पण से कार्य करने की अपेक्षा की है।

यूजेवीएन ने मुख्यमंत्री को सौंपा 10 करोड़ का चेक

तिलोथ विद्युत गृह मनेरी भाली प्रथम सर्वश्रेष्ठ परियोजना

चीला विद्युत गृह का उच्चीकरण होगा

देहरादून। 144 मेगावाट क्षमता के चीला जल विद्युत गृह के नवीनीकरण, आधुनिकीकरण एवं उच्चीकरण के लिए बीएचईएल के साथ करार किया गया है।

तीन जल विद्युत परियोजनाओं की डीपीआर को मिली मंजूरी

जागरण संवाददाता, देहरादून : उत्तराखंड जल विद्युत निगम लिमिटेड ने बोर्ड मीटिंग में कुमाऊं के पिथौरागढ़ के लिए तीन परियोजनाओं की डीपीआर, कर्मियों के संशोधित मकान भत्ता समेत कई प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है।

यूजेवीएनएल की मंगलवार को जीएमएस रोड स्थित मुख्यालय में ऊर्जा ...चिव राधिका झा की अध्यक्षता में ...वीं बोर्ड मीटिंग हुई। इस मौके पर ...थौरागढ़ के मुनस्यारी तहसील में ...ी गंगा की सहायक जिम्बा गाड़ पर ...मेगावाट, पैना गाड़ पर चार मेगावाट ...योजना की डीपीआर को मंजूरी ...वहीं धारचूला में धौलीगंगा की ...क कच्चौटी गाड़ पर चार मेगावाट ...यु परियोजना को मंजूरी दी है। ...रिकताएं पूरी होने के बाद निर्माण ...गा।

देहरादून में यमुना नदी पर स्थित ...गावाट की व्यासी परियोजना की ...सा की। इसके अलावा निगम ...के लिए संशोधित किराया भत्ता, ...और अवर अभियंताओं को ग्रेड पे देने पर भी सहमति ...र्थिक ...दौरान

बैठक

- यूजेवीएनएल की ऊर्जा सचिव राधिका झा की अध्यक्षता में 94वीं बोर्ड मीटिंग
- जल विद्युत निगम लिमिटेड की बोर्ड मीटिंग में निदेशक मंडल ने दी मंजूरी
- सीमांत पिथौरागढ़ के मुनस्यारी में दो और धारचूला में एक जल विद्युत परियोजना बनेगी

स्वस्थ शरीर के लिए खेलकूद जरूरी : वर्मा

ढकरानी जल विद्युत परियोजना परिसर में निर्मित मनोरंजन सदन का उद्घाटन करते अतिथि।

सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून। यूजेवीएन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ... ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। उन्होंने कर्मचारियों के स्वास्थ्य के लिए खेलकूद एवं अन्य विविध गतिविधियों को बढ़ावा देने की बात कही। ... जल विद्युत परियोजना परिसर में ... के मनोरंजन सदन का उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु ही इस मनोरंजन सदन की स्थापना की गई है। ...

यूजेवीएनएल ने यमुना कालोनी में सफाई की

देहरादून | हमारे संवाददाता

उत्तराखंड जल विद्युत निगम लिमिटेड (यूजेवीएनएल) की ओर से यमुना कालोनी में सफाई अभियान चलाया गया। अफसरों और कर्मचारियों ने स्वच्छता आज के समय में बहुत जरूरी है। पीएम नरेंद्र मोदी का मकसद भी स्वच्छता को आगे बढ़ाना है।

इस दौरान निगम के निदेशक परिचालन पुरुषोत्तम सिंह, निदेशक मानव संसाधन पंकज कुमार, अधिशासी ...

यूजेवीएनएल ने किया 'कर्मवीरों' को सम्मानित

स्थापना दिवस पर श्रेष्ठ विद्युत गृहों और सराहनीय कार्य करने वाले कर्मचारी किए पुरस्कृत, मेला व कवि सम्मेलन भी आयोजित

इनको किया सम्मानित

हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन

मुख्यमंत्री को सौंपा दस करोड़ का चेक

चीला पावर हाउस पर खर्च होंगे 212 करोड़

देहरादून। उत्तराखंड जल विद्युत निगम (यूजेवीएनएल) 144 मेगावाट की चीला जलविद्युत गृह के नवीनीकरण, आधुनिकीकरण और उच्चीकरण करेगा। इसके लिए यूजेवीएनएल ने भारत हैवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड (बीएचईएल) से अनुबंध किया है। विद्युत गृह के आधुनिकीकरण, नवीनीकरण और उच्चीकरण में लगभग 212 करोड़ का अनुमान है। 54 माह में सभी कार्यों को पूरा ...

दून में जून में आयोजित होगा अन्तर्राष्ट्रीय हरित ऊर्जा सम्मेलन

सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

यूजेवीएन ने चलाया अभियान

दून स्थित यमुना कालोनी में चलाया अभियान

कालोनीवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया

यमुना कालोनी में स्वच्छता अभियान के तहत कालोनी की सफाई करते यूजेवीएन के अधिकारी।

यमुना कॉलोनी में चलाया स्वच्छता अभियान

जागरण संवाददाता, देहरादून : उत्तराखंड जल विद्युत निगम लिमिटेड की ओर से यमुना कॉलोनी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही कॉलोनीवासियों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का आह्वान किया गया। शुक्रवार को यूजेवीएनएल के प्रबंध निदेशक ... के नेतृत्व में अधिकारियों कर्मियों और लेडीज वेलफेयर एसोसिएशन ने यमुना कॉलोनी में स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कॉलोनी के आवासीय परिसर, मैदान, सड़कों, नालियों में जमा पॉलीथिन, प्लास्टिक, कूड़ा इकट्ठा किया गया।

चीला जल विद्युतगृह के नवीनीकरण व उच्चीकरण को किया अनुबंध

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। यूजेवीएन लिमिटेड ने पौड़ी गढ़वाल में स्थित 144 मेगावाट क्षमता के चीला जल विद्युतगृह के नवीनीकरण, आधुनिकीकरण एवं उच्चीकरण (आर.एम.यू.) के कार्यों को लेकर बीएचईएल (भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड) के साथ अनुबन्ध हस्ताक्षरित कर लिया गया है।

इस अनुबन्ध के अनुसार आर.एम.यू. के कार्यों में लगभग रू. 212 करोड़ का व्यय होगा। उक्त कार्यों को 54 माह में पूर्ण करना होगा। आरएमयू के कार्यों के पश्चात् मशीनों की क्षमता 144 मेगावाट से बढ़कर 156 मेगावाट हो जायेगी। इससे विद्युतगृह के उत्पादन में लगभग 250 मिलियन यूनिट वार्षिक वृद्धि होगी तथा विद्युतगृह की परिचालन क्षमता में लगभग 30-35 वर्ष की वृद्धि होने की संभावना है। चीला विद्युतगृह का निर्माण पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश राज्य के अंतर्गत वर्ष 1980 में हुआ था। यह परियोजना उत्तराखण्ड राज्य के पौड़ी गढ़वाल जिले में स्थित है और हरिद्वार जिले से लगभग 9 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। अनुबन्ध पर यूजेवीएन लिमिटेड की ओर से उप महाप्रबन्धक (एस.यू.-गंगा वैली) राजीव कुमार ... बीएचईएल की ओर से महाप्रबन्धक (मार्केटिंग) पंकज रस्तोगी हस्ताक्षर किए। इस अवसर यूजेवीएन लिमिटेड के निदेशक परिचालन पुरुषोत्तम सिंह, महाप्रबन्धक (गंगा वैली) ... कुलश्रेष्ठ, उपमहाप्रबन्धक ... कुमार चौहान उपस्थित रहे।

UJVN Ltd.
Plant wise Generation January 2019 to December 2019

Name of Power House	Chibro	Khodri	Dhakrani	Dhalipur	Kulhal	Tiloth	MB-II	Chilla	Ramganga	Khatima	Pathri	M.Pur	Galogi	Dunao	Pilangad	Urgam	Total
Month & Capacity(MW)	240	120	33.75	51	30	90	304	144	198	41.4	20.4	9.3	3.5	1.5	2.25	3	1292.100
January 2019	29.18	14.29	6.02	9.05	7.39	11.33	36.48	51.64	66.95	12.73	10.23	5.47	0.69	0.28	0.99	0.15	262.87
February 2019	50.16	23.84	10.14	14.66	10.29	20.24	39.24	48.55	6.96	14.71	8.50	4.55	0.62	0.27	0.98	0.54	254.25
March 2019	60.76	29.37	12.55	18.04	12.11	27.18	60.20	52.67	30.41	17.00	11.01	5.27	0.61	0.29	0.53	0.80	338.79
April 2019	92.06	40.97	15.64	22.31	14.18	44.82	105.23	55.58	4.75	12.41	11.05	5.10	0.52	0.22	0.49	1.05	426.38
May 2019	82.86	39.05	15.10	21.78	13.93	45.81	156.64	74.74	0.48	23.83	11.93	4.98	0.48	0.01	0.42	0.99	493.03
June 2019	100.30	44.45	15.32	21.78	16.76	44.85	198.07	70.24	56.04	22.86	12.05	4.74	0.42	0.00	0.20	1.11	609.20
July 2019	139.08	58.18	20.28	22.50	16.59	28.55	186.86	74.58	2.33	25.47	11.99	4.84	0.48	0.39	0.00	0.51	592.67
August 2019	134.849	56.755	20.306	20.980	13.329	4.520	174.780	64.419	0.000	26.899	8.424	3.996	0.790	0.275	0.058	0.032	530.412
September 2019	115.295	51.716	20.092	22.236	13.612	43.080	178.308	69.199	0.000	26.769	13.306	5.568	0.767	0.400	0.000	0.000	560.347
October 2019	77.005	34.563	16.185	21.097	14.357	46.240	106.261	73.612	2.900	23.711	3.339	1.276	0.876	0.483	0.384	0.000	422.291
November 2019	38.723	17.939	9.444	14.223	10.353	35.767	57.090	57.031	0.000	13.913	9.430	3.848	0.736	0.327	0.741	0.103	269.668
December 2019	32.538	14.967	8.273	12.155	8.971	11.381	54.323	61.115	16.991	13.608	8.465	4.033	0.741	0.229	0.625	0.354	248.769
Total	398.411	175.939	74.300	90.691	60.622	140.988	570.762	325.376	19.891	104.900	42.965	18.722	3.909	1.715	1.808	0.489	2031.49

मुख्य सम्पादक	:	पंकज कुलश्रेष्ठ, महाप्रबन्धक (वै.एवं यां.)
वरिष्ठ सम्पादक	:	राजेन्द्र सिंह, महाप्रबन्धक (का. एवं औ. सं.)
सम्पादक	:	विमल डबराल, जनसम्पर्क अधिकारी
सम्पादकीय सहयोग	:	संजय कुमार, प्रवर वर्ग सहायक

मुख्यालयः
यूजेवीएन लिमिटेड
'उज्ज्वल', महारानी बाग,
जी.एम.एस. रोड, देहरादून-248006
www.ujvnl.com

इस न्यूज लेटर में प्रकाशित लेख, सूचनाएं एवं विचार लेखकों के व्यक्तिगत हैं अथवा विभिन्न स्रोतों से लिए गए हैं। किसी भी प्रकार की विसंगति एवं त्रुटि हेतु सम्पादक मण्डल अथवा यूजेवीएन लिमिटेड जिम्मेदार नहीं हैं। न्यूज लैटर में वर्णित उपलब्धियाँ केवल सामान्य जानकारी के लिए हैं, कृपया आधिकारिक जानकारी के लिए सम्बन्धित आदेश/सर्कुलर का सन्दर्भ ग्रहण करें।

(न्यूज लैटर जल निधि के आगामी 15 अगस्त, 2020 अंक हेतु सामग्री jalnidhiujvnl@gmail.com पर मई, 2020 के उपरान्त दी जा सकती है।)

Printed by Priyanka Graphic Printers 7017695204